जाग उठा हमारा आजाद हिन्दुस्तान 25 अप्रैल 2023

# परशुराम जन्मोत्सव पर ब्राह्मण समाज ने दत्त मंदिर में की पूजा अर्चना...

## 29 अप्रैल को वाहन रैली व 30 अप्रैल को चल समारोह...



बड़वाह – अक्षय तृतीया पर भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव विप्र समाज ने विशेष पूजन अर्चन व हवन कर मनाया। सर्व ब्राह्मण महासभा के तत्वाधान में नागेश्वर मंदिर परिसर में स्थित दत्त मंदिर में भगवान परशुराम जी का प्राकट्य उत्सव हर्षोल्लास के साथ पारम्परिक रूप से मनाया गया।इस अवसर पर सुबह 9 बजे नगर के वेदपाठी पंडितो द्वारा भगवान परशुराम जी का विशेष पुजन अर्चन एवं हवन किया गया।जिसमे सभी समाजजनो ने सम्मिलित होकर हवन में आहुतिया अर्पित की। जिसके बाद दोपहर 12 बजे महाआरती की गई। अंत में प्रसादी का वितरण हुआ।इस अवसर पर सर्व ब्राह्मण महासभा अध्यक्ष सुरेंद्र पंड्या, महिला मंडल युवा वाहिनी एवं दुर्गा वाहिनी अध्यक्ष दीपमाला शर्मा सहित बडी संख्या में समाज के महिला पुरुष एवं युवा व युवतियां उपस्थित रही।अध्यक्ष सुरेंद्र पंड्या ने बताया की परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष में होने वाले 9 दिवसीय महोत्सव की शुरुआत 22 अप्रैल परशुराम जन्मोत्सव से हो गई है।इसके बाद 23 अप्रैल से 28 अप्रैल तक सुबह 6 बजे नगर के विभिन्न मंदिरों से प्रतिदिन प्रभात फेरी समाजजनों द्वारा निकाली जाएगी।26 अप्रैल को विवेकानंद विद्या विहार स्कूल में समाजजनों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी।27 अप्रैल को सर्व ब्राह्मण महिला मंडल की सदस्यों के द्वारा भजन, गीत आदि का कार्यक्रम रखा गया है।29 अप्रैल को सर्व ब्राह्मण युवा वाहिनी द्वारा शाम 4 बजे नागेश्वर मंदिर से पूरे शहर में वाहन रैली निकाली जाएगी।30 अप्रैल को शाम 4 बजे नागेश्वर मंदिर परिसर में समाज की शैक्षणिक प्रतिभाओं एवं विप्र विभूषण सम्मान समारोह का आयोजन रखा गया है।यहीं से शाम 5 बजे चल समारोह भगवान परशुराम जी की शोभायात्रा के रूप में निकलेगा जो नगर के विभिन्न मार्गो से होता हुआ विवेकानंद विद्या विहार स्कूल पहुंचकर समाप्त होगा।जिसके साथ ही 9 दिवसीय परशुराम जयंती महोत्सव का भी समापन होगा

# शहर में ईद के मुबारक मौके पर मुस्लिम समाज में देखने को मिला खुशियों का आलम





**बड़वाह- शहर में ईद के मुबारक मौके पर मुस्लिम समाज में खुशियों का आलम देखने को मिला।ईदगाहों में सवेरे नमाज के वक्त ईद की रौनक और खुशी हर चेहरे पर साफ झलक रही थी।लोगों ने एक.दूसरे को मुबारकबाद दी और अमन.चैन की दुआ मांगी।साथ ही छोटे बच्चों और जरुरतमंदों को ईदी दी।मुस्लिम घरों में सवेरे से ही मेहमानों का आना.जाना लगा रहा।इस दौरान मुख्य चौराहे से इंदौर रोड होते हुए ब?ी संख्या में मुस्लिम जन आदर्श कॉलोनी स्थित ईदगाह पहुंचे यहां करीब 9.30 बजे शहर काजी मौलाना रेहान साहब की ओर से नमाज अदा करवाई गई। करीब 10.30 बजे बडी ईदगाह से बाहर निकले समाज जनो ने गले मिलकर एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी।नमाज के बाद ईदगाह में विभिन्न संगठनों के लोगों और जनप्रतिनिधियों ने मुस्लिम भाइयों के गले लगकर मुबारकबाद दी।इसी तरह शहर की अन्य ईदगाहों व मस्जिदों में भी नमाज अदा की गई।**

### नेकी पर चले हर मुसलमान मौलाना

इस मौके पर मौलाना शहर काजी मौलाना रेहान साहब ने कहा कि मुसलमान का काम नेकी करना और भाईचारे के साथ रहना है।हमें दूसरों से अच्छा व्यवहार करना चाहिए।एक मुसलमान को अपने धर्म की तालीम पर चलना चाहिए।

### घर में बनी मीठी सेवइयां बच्चों को मिली ईदी

रमजान महीने की शुरूआत से ही मुस्लिम समाज के घरों में ईद का बेसब्री से इंतजार शुरू हो जाता है।यह पूरा महीना खुदा की इबादत में बीतता है।रमजान की समाप्ति पर ईद मनाई जाती है।इसके लिए सप्ताह भर पहले ही घरों में तैयारियां शुरू हो जाती हैं।शनिवार को ईद के मौके पर मुस्लिम घरों में खुशियों की बहार आई हुई थी।घरों में नाते.रिश्तेदारों को दावतें देने की तैयारियां चलती रही।इसके बाद दिनभर दावतों और मुबारकबाद का दौर चला। ईद की ये दावतें 2.3 दिन तक चलेंगी।उधर बड़ों ने बच्चों को उनकी पसंद की ईदी दी तो छोटों ने बड़ों से दुआएं ली।

### मुस्लिम अंजुमन कमेटी के सदस्यो ने सभी नगरवासियों को ईद की मुबारकबाद दी

मुस्लिम अंजुमन कमेटी सदर शेख आयाज ने सभी नगरवासियों को ईद की मुबारकबाद दी।इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष निलेश रोकडिया काग्रेस नेता त्रिलोक राठौड़,रमिंदर सिंह भाटिया, पूर्व नपाअध्यक्ष प्रतिनिधि अनिल राय ,पार्षद सुनील चौधरी ,बबलू चौरसिया ,सुधीर सेंगर, अशलम खान ,तबरेज तवर, नाजिम खान ,मुजफ्फर हुसैन अगवान, सहित अन्य ने ईदगाह के बहर समाजजनों को मुबारकबाद दी। मौके पर थाना प्रभारी जगदीश गोयल नायाब तहसीलदार विजयपाल सिंह चौहान सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। स दौरान नगर में ईदगाह सहित तीन अन्य मस्जिद कदीमी मस्जिद नुरानी मस्जिद व डिपो मस्जिद में ईद की नमाज हुई।

## देश हमें देता है सब कुछ जैसे प्रेरणादायक गीत से पेसा एक्ट प्रशिक्षण हुआ सम्पन्न

खरगोन 22 अप्रैल 23/ विकासखंड खरगोन जनपद कार्यालय में राष्ट्रगान के साथ मोबिलाइजरों का पेसा एक्ट अनुसूचित क्षेत्र विस्तार नियम का प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। जिला पंचायत खरगोन से मोबिलाइजर को प्रशिक्षण देने आए मास्टर ट्रेनर श्रीमती सूचिता खोडे प्रभारी अधिकारी स्वच्छ भारत मिशन व पेसा एक्ट जिला समन्वयक अधिकारी श्री मनीष डुडवे ने अनुसूचित क्षेत्र में पेसा नियम के विस्तार को ध्यान में रखते हुए ग्रामसभा का गठन और बैठक प्रक्रिया, शांति एवं विवाद निवारण समिति, सहयोगिनी मातृ समिति का गठन, गौण वनोपज आदि के बारे में सविस्तार से बताया। मोबिलाइजर द्वारा पेसा एक्ट से संबंधी पूछे गये प्रश्नों के उत्तर दिए। सुचिता ने मनरेगा योजना के बारे में मोबिलाइजर को समझाया। पेसा एक्ट जिला समन्वयक मनीष डुडवे ने मोबिलाइजर की प्रसंशा व उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के क्रियान्वयन में मोबिलाइजर की सराहनीय भूमिका रही है। ऐसे ही सरकार की विभिन्न प्रकार की योजनाओं का लाभ ज्यादा से ज्यादा लाभार्थी को दिलाएं। योजनाओं काक्रियान्वयन करना सीखें व पेसा नियम का ज्यादा से ज्यादा प्रचार-प्रसार करें। जनपद सीईओ श्री श्री राजेन्द्र शर्मा ने सभी मोबिलाइजर को ईमानदारी से कार्य करने को कहा। अवकाश के दिन जनपद में उपस्थित कर्मचारी श्री एसी बरवे ने अपने अनुभव साझा किए व हमेशा सकारात्मकता से कार्य करते रहने को कहा। पेसा एक्ट के विकासखंड समन्वयक श्री पीरू कन्नौजे ने कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर आभार प्रदर्शन किया। देश हमें देता है सब कुछ हम भी तो कुछ देना सीखें जैसे प्रेरणादायक गीत से प्रशिक्षण का समापन हुवा। ब्लॉक में 34 मोबिलाइजर ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

## खुशहाल जीवन के लिए नदी-तालाब, झरने, पेड-पौधे पशु-पक्षी का बचाव अति आवश्यक

खरगोन 22 अप्रैल 2023। आनंद विभाग की जिला नोडल अधिकारी ईतिशा जैन के निर्देशन में शनिवार को जिला स्तरीय अंतराष्ट्रीय मातृ भूमि दिवस के अवसर पर आशादीप पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग कॉलेज में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में खुशहाली आनंद क्लब सदस्य शालिनी गावसिधें ने अपने उद्बोधन में बताया कि अंतराष्ट्रीय मातृ भूमि दिवस पर हम सभी धरती मां दोहन न कर उसे बचाकर प्रकृति के साथ खुशहाल जीवन जिए।


जिला समन्वयक केबी मंसारे ने आनंद विभाग अल्पविराम परिचय तथा जीवन मे तनाव मुक्त होकर खुशहाल जीवन पर आधारित अनुभव विस्तार से बताए। मातृभूमि दिवस पर छात्र छात्राओ के बीच उन्होंने कहा कि मानव के खुशहाल जीवन के लिए नदी, तालाब, झरने, पेड पौधे पशु पक्षी का बचाव अति आवश्यक है तथा प्रकृति को प्रदुषण से बचाव करना है।

परिचर्चा संगोष्ठी में छात्र-छात्राओं ने कहा विश्व भर में 22 अप्रैल को अंतराष्ट्रीय पृथ्वी दिवस के रूप मे मनाकर दुनिया धरती मे के दोहन प्रदुषण मे कमी होगी। प्रतिभागी सचिन बामियान, शारदा चौहान, नर्मदा सोलंकी, पिंकी अवासे, ललिता, रामेश्वर, छतरसिह चौहान को प्रशंसा पत्र प्रदान किए। इंस्टिट्यूट डायरेक्टर यश गुप्ता ने कहा कि मप्र शासन आनंद विभाग कार्यक्रम सराहनीय प्रयास है यह देश दुनिया का ज्वलंत मुद्दा है हमे धरती मां को बचाना है। इस अवसर पर रमाकांति पटेल, शोनम सोनी, भारती पाठक, अक्षय पाटीदार, शीतल पाटीदार, आयुष उपाध्याय, सुमित वर्मा कमलेश पटेल, कुलदीप पाटीदार, रमेश चकवती का सहयोग रहा।

# सीएम हेल्पलाईन पर शिकायत कर बंद करने के लिए मांगे 3 हजार रुपये

## सचिव ने थाने दर्ज कराई एफआईआर

**खरगोन 22 अप्रैल 23/महेश्वर थाने में मप्र शासन की शिकायत निवारण सेवा सीएम हेल्पलाईन का दुरुपयोग कर ब्लैकमेलिंग करने के मामले में एफआईआर दर्ज की गई है। एफआईआर दर्ज कराने वाला मगनसिंह नव्याजी जनपद पंचायत बडवेल का सचिव है। उन्होंने अपने आवेदन में बताया कि मोबाइल नम्बर 7999177783 धारक ने 5 मार्च 23 को बडवेल पंचायत की सीएम हेल्पलाईन पर शिकायत की गई। शिकायत में कहा गया कि पंचायत में वर्ष 2021-22 में वित्त आयोग से 15 लाख रुपये का पुलिया स्वीकृत हुआ। 1 वर्ष हुआ कार्य प्रारम्भ करते हुए और करीब 9 लाख रुपये राशि पूर्व सरपंच द्वारा आज तक निर्माण पूरा नहीं हो पाया और राशि निकालकर बंदरबाट किया गया। इस शिकायत को बंद कराने तथा शिकायत के सम्बंध में बताने के लिए सचिव द्वारा कॉल किया गया। शिकायत कर्ता भूपेंद्र द्वारा 3 हजार रुपये की मांग की गई। सचिव ने शिकायतकर्ता के नम्बर 7999177783 पर 1100 रुपये फोन पे किये गए। फोन पे पर आईडी चांदनी यादव के नाम से रजिस्टर्ड है। सचिव मगनसिंह ने इस सम्बन्ध में महेश्वर थाने में जबरजस्ती रुपये की मांग करने पर भादवि की धारा 384 में प्रकरण दर्ज कराने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया। मगन सिंह ने इस संबंध में शिकायत के साथ फोन पर की प्रति, ऑडियो रिकार्डिंग, खरगोन में की गई कुल 85 शिकायतों की प्रति प्रस्तुत की है। महेश्वर थाने में मोबाइल नम्बर 7999199983 के धारक भूपेंद्र सिंह व चांदनी यादव के विरुद्ध भादवि की धारा 384 में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।**



आरोपी- भूपेन्द्र सिंह

### इस तरह हेल्पलाईन करती है सेवा

मप्र शासन ने आम नागरिकों की समस्या निवारण के लिए सीएम हेल्पलाईन 181 सेवा वर्ष 2014 में प्रारम्भ की। इस हेल्पलाईन पर कोई भी नागरिक विभागों से जु?ी कोई भी शिकायत कर सकता है। शिकायत दर्ज होने के बाद शिकायतें लेवल-1 से लेवल-4 तक के अधिकारी शिकायत के निराकरण अपने अपने लेवल पर निर्धारित नियमानुसार संतुष्टिपूर्वक बंद करने के लिए जुटते है।

सीएम हेल्पलाईन पर प्राप्त शिकायतों के सम्बंध में कलेक्टर श्री शिवराज सिंह वर्मा प्रति सप्ताह सोमवार को गहन समीक्षा करते है। समीक्षा में शिकायतकर्ता की संतुष्टि पर विशेष जोर दिया जाता है। लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाती है। गत दिनों कलेक्टर श्री वर्मा ने 6 नायब तहसीलदारों व तहसीलदारों को तथा 8 अन्य विभागों के अधिकारियों को सीएम हेल्पलाईन पर कम वेटेज प्राप्त करने पर नोटिस भी जारी किए है।

### मुख्यमंत्री स्वयं भी करते हैं समीक्षा

सीएम हेल्पलाईन एक ऐसी सेवा है जो मोबाइल के माध्यम से 181 पर आसानी से की जा सकती है। जिसका निराकरण सम्बन्धित विभाग द्वारा किया जाता है। सीएम हेल्पलाईन पर प्राप्त शिकायतों की समीक्षा स्वयं मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान विशेष रूप से करते है। इसके अलावा इसी सेवा पर प्राप्त शिकायते जो लंबे समय तक निराकृत नहीं होती। उन चुनिंदा शिकायतों को मुख्यमंत्री श्री चौहान समाधान ऑनलाईन के माध्यम से करते है। यानि कि जो शिकायत निराकरण योग्य होती है सीएम हेल्पलाईन पर की जाती है उसका निराकरण निश्चित रूप से होता है। इस सेवा में हर लेवल के अधिकारी के पास एक निर्धारित समय भी होता है।

### मार्च माह में जिला टॉप 6 पर तो 20 विभाग टॉप 10 में

सीएम हेल्पलाईन की प्रति माह शिकायतों के वेटेज स्कोर के आधार पर विभागों और ि?लों की रैंकिंग निर्धारित होती है। कलेक्टर श्री वर्मा द्वारा नियमित रूप से समीक्षा और कार्यवाहियों के परिणामस्वरूप मार्च माह में खरगोन टॉप 6 पर रहा। वही जिले के 20 ऐसे विभाग है जिन्होंने टॉप 10 में जगह बनाई है। इसमें टॉप पर पुलिस विभाग और पशुपालन विभाग शामिल है। टॉप 3 पर राजस्व, वाणिज्यकर और सामाजिक न्याय, 5 पर खनिज, कृषि और अनुसूचित जाति विभाग, 6 पर परिवहन, वित्त, महिला बाल विकास और जनजाति कार्य विभाग, 7 पर एनवीडीए, पर्यावरण, पीडब्ल्यूडी, लोक सेवा और आयुष विभाग, 9 पर ग्रामीण विकास विभाग तथा 10 पर लोक स्वास्थ्य विभाग ने रैंक पायी है।